दिनांक- 08.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 319/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 08.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 08.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 320/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

## मिशन शक्ति केन्द्र थाना अजनर की सक्रियता से गुमशुदा महिला सकुशल बरामद, काउंसिलिंग उपरांत पिता के साथ भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जनपद महोबा में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस एवं मिशन शक्ति केन्द्र थाना अजनर द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

गुमशुदगी संख्या 12/2026 के अंतर्गत गुमशुदा श्रीमती नीलम कुशवाहा पुत्री गुलखाई कुशवाहा उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम कुढई, थाना अजनर, जनपद महोबा को दिनांक 08.07.2026 को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के पिता गुलखाई कुशवाहा निवासी ग्राम कुढई, थाना अजनर तथा पति पप्पू कुशवाहा पुत्र धनीराम कुशवाहा निवासी ग्राम नौगांव (फलना), थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा को सूचना दी गई, जिस पर दोनों थाना अजनर पर उपस्थित हुए।

उक्त महिला की काउंसिलिंग मिशन शक्ति केन्द्र थाना अजनर में कराई गई एवं बयान अंकित किया गया। काउंसिलिंग के दौरान नीलम कुशवाहा द्वारा बताया गया कि वह घर में पारिवारिक कलह से परेशान होकर अपनी इच्छा से बिना किसी को बताए दिल्ली चली गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई आपराधिक घटना नहीं हुई है।

नीलम कुशवाहा द्वारा यह भी बताया गया कि वह अब अपने पिता के साथ ग्राम कुढई जाना चाहती हैं, जिस पर उनके पिता द्वारा भी सहमति व्यक्त की गई। चूंकि गुमशुदा पूर्ण रूप से बालिग हैं, अतः उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें उनके पिता गुलखाई कुशवाहा के साथ थाना अजनर से ससम्मान रुखसत किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र थाना अजनर द्वारा की गई काउंसिलिंग एवं समुचित कार्यवाही से प्रकरण का शांतिपूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण किया गया।



दिनांक- 08.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 321/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के नेतृत्व में अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक 08.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार मय हमराही कर्मचारीगण के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त सतेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह, उम्र करीब 29 वर्ष, निवासी ग्राम मकरवई थाना कबरई जनपद महोबा को टाटा मोटर्स के सामने कच्चे रास्ते पर (मकरवई की ओर जाने वाले मार्ग पर, किदवई नगर के पास) से गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में कुल 01 किलो 100 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कबरई पर मु0अ0सं0 152/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार
2. का0 कुंवर पाल
3. का0 धर्मेन्द्र कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

सतेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह, उम्र करीब 29 वर्ष, निवासी ग्राम मकरवई थाना कबरई जनपद महोबा

**बरामदगी-**

अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।

